<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात–दिवसीय शिविर का समापन

पन्तनगर। 16 फरवरी 2024। विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात–दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अधिष्ठात्री, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डा. मालविका दास त्रकरू तथा विशिष्ट अतिथि समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना डा. अभिषेक तोमर रहे। इस अवसर पर बोलते हुए अतिथियों ने स्वंयसेवको की प्रशंसा की एवं चरित्र निर्माण, उदारता एवं समाज को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि इस विशेष शिविर में स्वंयसेवको ने दृढ़ता से कार्य किया एवं उनके द्वारा किया गया कार्य प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में सभी स्वंयसेवकों ने बेनी गांव, पन्तनगर में कार्य किया। इस सात–दिवसीय विशेष शिविर में स्वंयसेवको ने बेनी गांव में 'स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण' से सम्बंधित सर्वे किया एवं लोगों को स्वस्थ्य रहने एवं स्वच्छता रखने के लिए प्रेरित किया। स्वंयसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, रैली तथा वार्तालाप के द्वारा लोगों के बीच स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण का संदेश पहुंचाया।

इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वंयसेवकों ने बच्चों को पढ़ाया एवं उनके साथ खेल भी खेले। इस विशेष शिविर के दौरान डा. पंकज कुमार ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी दी। इसके साथ–साथ डा. पंकज कुमार ने लोगों को योग एवं आयुर्वेद का महत्व बताया। उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी दी एवं लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान विधायक, किच्छा श्री तिलक राज बेहड ने मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रशंसा की। शिविर के दौरान स्वयंसेवको द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। कु. मुस्कान, रितिका, कनक, करन, मानसी, वैशाली और निंशात ने इस विशेष शिविर के दौरान प्रत्येक दिन की रिपोर्ट देने का कार्य किया।

शिविर में विद्यार्थियों के साथ अधिकारिगण।

शिविर में विद्यार्थियों के साथ अधिकारिगण।

निदेशक संचार